Regarding resumption of train services in Odisha

श्री अभिमन्यु सेठी (भद्रक) : महोदया, मैं सबसे पहले माननीय प्रधानमंत्री जी और रेल मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि रेल बजट में ओडिशा के लिए 10,500 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि दी गई है, जिससे ओडिशा में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट को बहुत आगे ले जाने का प्रयास किया गया है । यह विषय मेरे संसदीय क्षेत्र का है । कुछ ट्रेन्स चल रही थीं, लेकिन कोविड के समय वे बंद हो गई थीं । कोविड के खत्म होने के बाद भी अभी तक उन ट्रेन्स का स्टॉपेज़ शुरू नहीं किया गया है । विशेषकर धौली एक्सप्रेस और ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस, जो सोरो, बहनागा, केंदुआपदा, मंजूरी रोड एवं मरकोना स्टेशंस पर पहले रुकती थीं, लेकिन वे ट्रेन्स अभी भी नहीं रुक रही हैं । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि फिर से इन स्टॉपेजेज़ को शुरू किया जाए ।?(व्यवधान)